# बिहार विधान-सभा वादवृत

---

## वृहस्पतिवार, तिथि १८ जून, १९७०

---

भारत के संविधान के उपबन्ध के अनुसार एकत्र विधान-सभा का कार्य-विवरण।

सभा का अधिवेशन पटना के सभा-सदन में वृहस्पतिवार, तिथि १८ जून, १९७० को पूर्वाह्न ११ बजे अध्यक्ष, श्री राम नारायण मंडल के सभापतित्व में प्रारम्भ हुआ।

---

## अल्प-सूचित प्रश्नोत्तर :

---

### नेपाल अवमूल्यन भत्ता।

२७६। श्री विपिन बिहारी सिंह—क्या मंत्री, नदी-घाटी योजना (गंडक शाखा) विभाग, यह बताने की कृपा करेंगे कि—

(१) क्या यह बात सही है कि चम्पारन जिलान्तर्गत बाल्मीकिनगर, गंडक योजना में काम करनेवाले कर्मचारी जिनकी बदली ३१ दिसम्बर १९६७ के पहले सूर्यपुरा (नेपाल) में ताप बिजली योजना में की गई है, उन्हें नेपाल अवमूल्यन भत्ता मिलता है, जब कि दिसम्बर, १९६७ के बाद भेजे गए उसी बिजली घर के कर्मचारी को वह भत्ता नहीं मिलता है ;

(२) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो ऐसी विषमता का क्या कारण है और इसका परिमार्जन सरकार करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कब तक ?

श्री लहटन चौधरी—(१) उत्तर स्वीकारात्मक है, पर सुसंगत तिथि ८-१२-६७ है।

(२) नेपाल में पदस्थापित राज्य-सरकार के कर्मचारियों को ६-६-१९६७ को भारतीय मुद्रा के अवमूल्यन के फलस्वरूप उन्हें आर्थिक क्षति न उठानी पड़े, इसलिए

(२) क्या यह बात सही है कि इन पंचायतों में पंपिग सैटों के अनुपात में ट्रांन्सफार्मर नहीं बैठाए गए है;

(३) क्या यह बात सही है कि बिजली की आपूर्ति में रूकावट के कारण कृषि फसलों को बहुत नुक्सान होता है;

(४) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो बिजली आपूर्त्ति में रूकावट के क्या कारण है, तथा पंपिग सेटों के अनुपात में ट्रांन्सफारमर बैठाने तथा बिजली आपूर्त्ति को ठीक संचालित करने के संबंध में कौन-सी कार्रवाई करना चाहती है, यदि 'नहीं', तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री, विद्युत विभाग—(१) उत्तर नकारात्मक है।

(२) उत्तर नकारात्मक है।

(३) इसकी सम्भावना हो सक्ती है।

(४) उपरोक्त तथ्य के आधार पर इसका प्रश्न ही नहीं उठता, तथापि यदा-कदा विद्युत आपूर्त्ति में अधिक देर तक रूकावट रहने का मुख्य कारण डी० वी० सी० से विद्युत आपूर्ति में गड़बड़ी का होना है।

---

## प्राईवेट बोरिंग

१४०६। श्री संत प्रसाद सिंह—क्या मंत्री, विद्युत विभाग, यह बताने की कृपा करेंगे कि—

(१) क्या यह बात सही है कि पिछले दो वित्तीय वर्षों के अन्दर शाहाबाद जिलान्तर्गत विक्रमगंज एवं दावथ प्रखण्डों में प्राइवेट बोरिंग की प्रगति बहुत धीमी रही है;

(२) यदि खण्ड (१) का उत्तर स्वीकारात्मक है तो इसके लिए दोषी कौन है तथा उनके विरूद्ध सरकार कौन सी कार्रवाई करने जा रही है। अगर उत्तर नाकारात्मक है तो उक्त दो वर्षों में कौन-कौन गांवों में कौन-कौन से व्यक्ति को लाईन दी गई है तथा अभी तक कितने दरखास्त विभाग में विचारार्थ पड़े हैं तथा उसे शीघ्र कार्यान्वयन हेतु सरकार कौन-सा कदम उठाने जा रही है ?

प्रभारी मंत्री, विद्युत विभाग—(१) उत्तर नाकारात्मक है।

(२) प्रश्न नहीं उठता है। जिन-जिन ग्राम के व्यक्तियों को विद्युत लाइन उक्त दो वर्षों में दी गई है उनकी सूची प्रस्तुत उत्तर के अंत मे दी जाती है।

विक्रमगंज प्रखण्ड के पम्प कनेक्सन के लिए कोई आवेदन पत्र विचारार्थ लम्बित नहीं है। दावथ प्रखण्ड के अन्तर्गत सुरहुरिया डबरिया स्कीम के अन्तर्गत छः व्यक्तिओं के कुएँ में लाइन देने का कार्य लम्बित था, क्योंकि वहां का ट्रान्सफारमर ओवर-लोड था तथा बीच रास्ते में नदी पड़ने के कारण दूसरा ट्रान्सफोरमर ले जाने का कोई रास्ता नही था। अब वहां ट्रान्सफोरमर चला गया है तथा लम्बित कनेक्सन का कार्य तेजी से चल रहा है और इन व्यक्तियों को शीघ्र ही बिजली मिल जायेगी।

सुरहुरिया-डबरिया स्कीम के अतिरिक्त दावथ प्रखण्ड के अन्तर्गत कोई आवेदन पत्र विचारार्थ लम्बित नहीं है।

## LIST OF S/WELL CONECTION UNDER DAWATH BLOCK.

| Sl. No. | Name of cons. | Name of Village. |
|---|---|---|
| 1. | Shri Beshlall Chaudhry. | Koath. |
| 2. | ,, Lall Mohan Singh. | Gothari. |
| 3. | ,, Ramjag Singh. | Bharkuria |
| 4. | ,, Narayan Singh. | Dilian |
| 5. | ,, Sheodayal Singh | Bharkuria. |
| 6. | ,, Sheo Pujan Singh. | Bharkuria. |
| 7. | ,, Sheo Kumar Singh. | Bharkuria. |
| 8. | ,, Musafir Singh. | Surajpura. |
| 9. | ,, Mehar Singh. | Kharoy |
| 10. | ,, Rameshwar Nath Pandey. | Kharoj |
| 11. | ,, Bishwanath Pandey | Dabarian |
| 12 | ,, Jai Ram Pandey | Dabarian |
| 13 | ,, Fafingon Roy. | Dabarian. |
| 14. | ,, Badri Narayan Lall. | Dabarian. |
| 15. | ,, R. G. P. Sinha. | Surajpura. |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 16. | Shri | Mohan Singh. | Surajpura. |
| 17. | ,, | Kapildeo Gosai. | Bharkuria. |
| 18. | ,, | Sudama Roy. | Bharkuria. |
| 19. | ,, | Banwari Roy. | Bharkuria. |
| 20. | ,, | Mukhdeo Singh. | Bodihimath. |
| 21. | ,, | Nagina Dubey. | Jagadhonpur. |
| 22. | ,, | Bhawnath Roy. | Bodahimath, |
| 23. | ,, | Jainarayan Singh. | Kharoj |
| 24. | ,, | Ram Das Singh. | Daburian. |
| 25. | ,, | Ram Bilas Singh. | Dabaurian. |
| 26. | ,, | Ramadhar Singh. | Dabaurian. |
| 27. | ,. | Rash Bihar Roy | Dabarian. |

LIST OF S/WELL CONECTION UNDER BIKRAMGANJ BLOCK.

| Sl. No. | | Name of cons. | Name of Village. |
|---|---|---|---|
| 1. | Shri | Dhan Kumar Singh. | Nonhar. |
| 2. | ,, | Ram Prit Ray. | Manpur. |
| 3. | ,, | Bijoy Krishna Sharma. | Nanhar. |
| 4. | ,, | Bishwanath Roy | Manpur. |
| 5. | .. | Jag Mohan Singh. | BiKramganj |
| 6. | ,, | Raghu Bans Chaudhary. | Nanhar. |
| 7. | ,, | Awodhesh Kumar Srivastava. | Reria. |
| 8. | ,, | Laxman mauar | Jaluha. |
| 9. | ,, | Murat Mour. | Jalha. |
| 10. | ,, | Ram Narayan Mour. | Jalha. |
| 11. | ,, | Nawal Kishore Mishra. | Nonhar, |
| 12. | ,, | Bharat Singh. | Karmainy. |
| 13. | ,, | Muni Ram lall. | Kajhari. |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 14. | Shri | Maribans Choudhry. | Kajnham. |
| 15. | ,, | Suraj Singh. | Bahura. |
| 16. | ,, | Rup Chand Singh. | Sikaria |
| 17. | ,, | Ram Janam Singh. | Sikaria. |
| 18. | ,, | Jagarnath Singh | Slkaria |
| 19. | ,, | Ugrah Singh. | Aliganj. |
| 20. | ,, | Chandradip Singh. | Sikaria: |

---

यात्रा-भत्ता।

१४०८। श्री कर्पूरी ठाकुर—क्या मंत्री, विद्युत विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:—

(१) क्या यह बात सही है कि विहार राज्य विद्युत परिषद ने परिषद के अधीन काम कर रहे सभी मीटर रीडर को वास्तविक यात्रा भत्ता का भुगतान नहीं कर निश्चित यात्रा भत्ता एवं साइकिल भत्ता देने की व्यवस्था की है;

(२) क्या यह बात सही है कि विहार विद्युत परिषद के विद्युत आपूर्ति प्रमंडल, विहारशरीफ (पटना) के अधीन काम कर रहे निम्नलिखित मीटर रीडरों को गत अक्टूबर १९६८ से अभी तक कोई वास्तविक यात्रा भत्ता या साइकिल भत्ता नहीं मिला है, सर्व श्री योगेन्द्र सिंह, राजदेव सिंह, देवेन्द्र प्रसाद सिंह, जगदीश पांडेय, राम नारायण सिंह, नवल किशोर झा, प्रहलाद सिंह, सदानन्द शर्मा, इन्द्रजीत सिंह, राजेन्द्र तिवारी, सिंघासन ठाकुर, श्रीचन्द्र प्रसाद, जगदीश प्रसाद-चौधरी, मुन्नीलाल शर्मा, बिरेन्द्र प्रसाद शर्मा, बिशेश्वर प्रसाद तथा रामाधार शर्मा मीटर रीडर;

(३) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो सरकार अविलम्ब उक्त कामगारों को निश्चित यात्रा-भत्ता एवं साईकिल-भत्ता के भुगतान की व्यवस्था करने का विचार रखती है ?

प्रभारी मंत्री विद्युत विभाग—(१) उत्तर स्वीकारात्मक है। सभी मीटर रीडरों को जो साईकिल रखते हैं उन्हें सात रुपये पचास पैसे माहवारी साईकिल भत्ता दिया जाता है। साथ ही उन मीटर रीडरों को जो ग्रामीण क्षेत्र में दस मील के